इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय

देश भर में यूआईडीएआई द्वारा संचालित 28 आधार सेवा केन्द्र पूरी तरह से काम कर रहे हैं

प्रविष्टि तिथि: 01 JAN 2020 6:59PM by PIB Delhi

देश में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा संचालित 28 आधार सेवा केन्द्र पूरी तरह से काम कर रहे हैं। यूआईडीएआई की पूरे देश में ऐसे और 114 केन्द्र खोलने की योजना है। ये केन्द्र बैंकों, डाकघरों तथा राज्य सरकारों द्वारा संचालित 38 हजार आधार पंजीकरण केन्द्रों के अतिरिक्त होंगे।

सरकार द्वार संचालित 28 आधार सेवा केन्द्र सप्ताह में सभी दिन खुले रहते हैं और अबतक 3 लाख लोगों को अपनी सेवाएं दे चुके हैं इनमें बड़ी संख्या दिव्यांग जनों की है। इन केन्द्रों में रोजाना एक हजार लोगों का पंजीकरण करने या पहले से बने हुए आधार कार्डों में किसी तरह का बदलाव करने की सुविधा है। ये केन्द्र सुबह 9 बजकर 30 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 30 मिनट तक काम करते हैं। केवल सार्वजनिक अवकाश के दिन ही यह बंद होते हैं। यूआईडीएआई की देशभर में 53 शहरों में ऐसे 114 और केन्द्र खोलने की योजना है।

.आधार पंजीकरण निशुल्क है जबकि पहले से मौजूद आधार कार्ड में किसी तरह के बदलाव के लिए महज 50 रूपए का शुल्क लिया जाता है।

देश के विभिन्न हिस्सों में काम कर रहे 28 आधार केन्द्रों की सूची इस प्रकार है:

क्र. सं.	**शहर का नाम**	**आधार केन्द्रों का पता**
1	आगरा	संजय प्लेस

2	बेंगलुरू	साउड एंड सर्कल के नजदीक पाई विस्टा कन्वेंशन सेंटर के बगल में
3	भोपाल	दानिश नगर
4	Bhopal	महाराणा प्रताप नगर
5	चंडीगढ़	सेक्टर - 17ए
6	चेन्नई	जवाहरलाल नेहरू रोड, कोयेंबेदू
7	देहरादून	निरंजनपुरख्, जीएमएस रोड
8	देहरादून	रेस कोर्स
9	दिल्ली	अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग
10	दिल्ली	इन्द्रलोक मेट्रो मॉल
11	दिल्ली	मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल स्टेट, मोहन स्टेट मेट्रो स्टेश के पास
12	धनबाद	यूनीवेस्टा टॉवर , सेक्टर;1 सराइधेला , बिग बाजार के पास
13	गुवाहाटी	लाचित नगर, लक्षित नगर
14	हिसार	मेट्रोपोलिस मॉल, दिल्ली रोड

15	हुबली	क्लासिक एनक्लेव, चितागुप्पी पार्क, कोटक महिन्द्रा बैंक के पीछे, क्लब रोड पर
16	हैदराबाद	रिलायंस साइबर विलेज,विठ्ठल राव नगर,माधापुर
17	जयपुर	ऑरबिट मॉल, अजमेर रोड,सीविल लाइन्स मेट्रो स्टेशन
18	कोलकाता	असिस्ट पार्क, सेक्टर-V, बिधाननगर
19	लखनऊ	रतन स्क्वायर, विधानसभा मार्ग, लाल बाग
20	मैसूरू	सीसीके कॉम्पलेक्स, कालिदास रोड Road, विजयनगर फर्स्ट स्टेज
21	नागपुर	बिलकिस प्लाजा, पासपोर्ट ऑफिस बिल्डिंग, सादिकाबाद,मनकापुर
22	पटना	साई टॉवर , न्यू डाक बंगला रोड, उत्सव होटल के पास
23	रायपुर	श्याम प्लाजा,पांदरी बस स्टैंड, मेन रोड पांदरी
24	रांची	स्टेट प्लाजा,कोकर रोड पर कंटाटोली चौक के पास मंगल टॉवर के पीछे
25	रांची	द गैलेस्यिा मॉल, रातु रोड पर काली मंदिर के सामन पिस्का मोड के पास
26	शिमला	सीके मॉल, आईएसबीटी तूतीकांडी

27	सिलवासा	श्रद्धा कॉम्पलेक्स, आमली इंडस्ट्रियल एरिया में एचडीएफसी बैंक के पीछे
28	विजयवाड़ा	लब्बिपेट में म्युनसिपल वॉटर टैंक के सामने

इन सभी आधार सेवा केंद्रों में एक कुशल टोकन प्रबंधन प्रणाली लागू है जो लोगों को बिना किसी परेशानी के आसानी से नामांकन / अद्यतन प्रक्रिया के सभी चरणों की जानकारी देती है। ये सभी केन्द्र केंद्र वातानुकूलित हैं और इनमें बैठने की पर्याप्त क्षमता होने के कारण लोगों को टोकन लेने के बाद भी कतार में खड़ा नहीं होना पड़ता। .

*****

आरके मीणा/आरएनएम/एएम/एमएस-5087

(रिलीज़ आईडी: 1598267) आगंतुक पटल : 327

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu